एक नजर में

## खाटू श्याम में तामिया के भक्तों द्वारा किया जा रहा है भंडारे का आयोजन



**तामिया।** पवित्र फाल्गुन मेला विश्व प्रसिद्ध मेला हे ये मेला इस वर्ष 21 तारीख से 28 तारीख तक चलने वाला जिसमे लाखो श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने जाते हे फाल्गुन मेले में तामिया के श्याम भक्तो द्वारा निरंतर 3 वर्षो से श्याम बाबा की नगरी में भंडारे का आयोजन किया जाता हे तामिया से राजस्थान के जिला सीकरी के खाटू श्याम जी की दूरी लगभग 1000 किलोमीटर है इस वर्ष भी रिंगस से लगभग 10 किलोमीटर दूर खाटू रोड में ये भंडारे का भव्य आयोजन का तीसरा दिन निरंतर चल रहा है जो पांच दिवसीय चलेगा ग़ोरतलब हे की ये भंडारा मध्यप्रदेश से पहला भंडारा हे जो हमारे छिंदवाड़ा जिले के छोटे से गाँव तामिया ( पातालकोट ) के श्रद्धालु द्वारा लगाया गया भंडारे की शुरुआत सतपुड़ा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के संचालक अमन साहू ,आशीष अग्रवाल , शुशांक डोंगरे,ललित साहू एवं उनके साथियो द्वारा 2024 में की गई थी और आज ये भंडारा ने इतना बड़ा रूप ले लिया ही की इस वर्ष 30 लोगो से उपर श्याम भक्त अपनी सेवा दे रहे हे अमन साहू के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक अनेकों स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ भक्तों के लिए ठहरने रुकने की व्यवस्था भी बनाई गई हे बाबा के दर्शन करने वाले श्रद्धालु को भंडारा ग्रहण करके बहुत आनंद आता हे आगामी वर्ष में ये भंडारे को और भी बड़ा रूप दिया जाएगा और इसे 12 घंटे की वजाय 24 घंटे चलाया जाएगा क्योकि देश विदेश सभी जगह से श्रद्धालो की बड़ी संख्या इस वर्ष देखने को मिली हे आपके जनसहयोग से 12घंटे की बजाय 24घंटे अगले वर्ष में की जाने की योजना प्रतिबद्ध होगी।

## पनारा में नि :शुल्क रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 34 यूनिट रक्त संग्रहित




**जुन्नारदेव।** पनारा ग्राम पंचायत में ग्राम विकास एवं जनजागरण एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें छिंदवाड़ा से विशेष मेडिकल टीम को आमंत्रित किया गया। मेडिकल टीम में डॉ. सौरभ सिंह (मेडिकल ऑफिसर), दिनेश कोकाटे (फार्मासिस्ट), डॉ. हर्षिता, हितेंद्र, प्राची, राहुल, मोहित, अखिलेश, नंदनी और गीता रॉय शामिल थे, जिन्होंने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नाथनशाह कवरेती रहे, जबकि पनारा के सरपंच गणेश प्रसाद सरयाम की भी विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय वाल्मिक और मनोज ठाक भी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. सुरेश नागवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, वेकोली कान्हन क्षेत्र के क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक का भी विशेष सहयोग रहा, और श्री देवानंद बहाने (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधन, मानव संसाधन) का भी योगदान रहा। रक्तदान शिविर के आयोजक जसवंत सिंह थे। सहयोगियों में आरिफ अली, दीपक नागले, रविकांत पाठक, प्रकाश गुलबाके, मोहम्मद सरफराज, विशाल नागलिगम, मोहम्मद सलीम मंसूरी, राजेश श्रीवास्तव, शेरखान, दीपक तेलगोटे, रमेश्वर, रवि किरण यादव, बदरखान, प्रशांत तथा पनारा के जनपद सदस्य मोहसिन चिश्ती और मलिक उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिस अदा, मिस फलक, श्रीमती ज्योति नागले और श्रीमती गीता साल्वे ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और शासकीय कर्मचारियों ने उत्साह से रक्तदान किया, जिसमें कुल 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आसमान में छाए बादलों से किसान की बढ़ी चिंता



**मोहखेड़।** विगत 2 दिनो से आसमान पर छाए बादल ने किसानों को चिंता में डाल दिया है.किसान रह रहकर उमड़ घूमड़ बादलों को देखकर चिंतित हो रहा है कि कहीं ये बरस कर उनकी फसल को न खराब कर दें।बुधवार को का मौसम चिंताजनक रहा। बारिश भले न हुई हो लेकिन बादलों ने पूरा दिन किसानों को डराए रखा।बुधवार को छाए बादलों की वजह से पूरा दिन ऐसा लगता रहा कि बारिश अब शुरू हुई तब शुरू हुई। हालांकि शाम चार बजे तक बारिश नहीं हुई और बाद में बादल खुलने लगे तथा हल्की धूप खिल गई।एक तरफ होली का रंगों भरा त्यौहार आने से पूर्व एक बार फिर मौसम बदलने के साथ आसमान में बादलों का डेरा किसानों को डरावना लग रहा है। क्षेत्र में होली बाद फसलों की कटाई शुरु होगी, इसके लिए साफ मौसम और तेज धूप जरूरी है। जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है, आसमानी हलचल पर किसानों की नजरें टिकी हुई है।। होलिका दहन के बाद क्षेत्र में पकी फसलों की कटाई का दौर शुरु होगा। विलम्ब से की गई बोवनी वाली फसलों की कटाई में विलम्ब होगा। गांव-गांव किसान फसलों की कटाई के लिए बाहरी क्षेत्र से कृषि मजदूर लाने के लिए सक्रिय हो गए है।

## हर्रई सरपंच संघ अध्यक्ष योगेंद्र शाह धुर्वे ने कलेक्टर को अपने लेटर पैड दिया आवेदन

**बटकाखापा।** हर्रई ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बटकारवापा के पास शक्कर हरद नदी लिंक परियोजना के तहत बन रहा डैम । हर्रई बटकाखापा क्षेत्र के लिए एक परियोजना बनी है जिसमें पाइप नहर के माध्यम से अपने क्षेत्र में यह परियोजना का कार्य किया जाए जबकि है परियोजना पाइप का कार्य हमारे क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जा रहा है पहले हर्रई बटकाखापा को पहले पानी मिले इसके बाद दूसरे क्षेत्र को मिले। और कि जनपद पंचायत हर्रई के ग्राम पंचायत सामरढोह के अंतर्गत हरद नदी में डैम का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसका पानी अमरवाड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में जा रहा है जबकि हमारा हर्रई जनपद पंचायत क्षेत्र के 80 प्रतिशत ग्रामों में पानी की कमी है लेकिन हमें इस डेम से कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि हमारे ब्लाक में इस डैम का निर्माण हो रहा है जिसमें 15 ग्राम डूब क्षेत्र में प्रभावित हो रहे है उसके बाद भी हमें इस डेम से कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है।

अफवाह | पौनार में कर दी एक व्यक्ति की पिटाई, छुआदेही में संदिग्ध लोगों ने छात्रों को घेरा

# ग्रामीण अंचलों में संदिग्ध व्यक्तियों को लेकर अफवाह का दौर

**अमरवाड़ा नगर निरीक्षक ने लोगों से किया अपील सजग रहे और अफवाह पर ध्यान ना दें**



नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 25 फरवरी, अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में बच्चा चोरी संदिग्ध व्यक्ति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है और निरंतर अपवाह का दौर जारी है जिसको लेकर ग्रामीण अंचल में लोग डर के माहौल में रह रहे हैं जानकारी के अनुसार सोमवार को अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पौनार में एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ा था और जिस पर बच्चा चोरी का आरोप लगाते हुए उसकी ग्रामीणों के द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई और अमरवाड़ा पुलिस को सूचना दी गई।**

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे व्यक्ति को थाने लिया यह जिससे पूछताछ की गई तो वह व्यक्ति जड़ी बूटी बचने के लिए आता है और जिसका नाम बालू भाई परमार गुजरात का रहने वाला बताया गया है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि इसके पास अन्य आधार कार्ड भी हैं जिसमें मुसलमानी नाम लिखा हुआ है पुलिस मामले की जांच कर रही है। तो वहीं दूसरीऔर मंगलवार को ग्राम छुआ देही की रहने वाली तीन दसवीं की छात्राएं पौनार हाई सेकेंडरी स्कूल से परीक्षा देकर लौट रही थी तभी तवा जलाशय के समीप अज्ञात महिलाएं और उनके साथ कुछ लोगों ने तीनों छात्रों को घेर लिया और संदिग्ध व्यक्तियों के पास कुछ हथियार भी थे मौके पर छात्राओं ने तत्परता दिखाई और पत्थर फेंक कर करने लगी और वहां से फरार हो गई इसकी सूचना जैसे ही उन्होंने अपने घर जाकर दी तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन तवा जलाशय की ओर पहुंचे और अज्ञातसंदिग्ध व्यक्तियों की तलाश प्रारंभकर दी और अमरवाड़ा पुलिस को सूचित किया और तीनों छात्राओं से पुलिस ने पूछताछ की है लेकिन संदिग्ध व्यक्तियों का कोई पता नहीं चला।

### अमरवाड़ा नगर निरीक्षक ने की अपील

अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे, एसडीओपी कल्याणी बरकड़े के निर्देशन में नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि आप बेवजह अफवाह ना फैलाएं अगर आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या महिला दिखाई देती है तो इसकी सूचना तत्काल अमरवाड़ा थाने में दें और उसे व्यक्ति को पकड़ कर रखें किसी प्रकार की मारपीट ना करें और अभी तक क्षेत्र में कोई बच्चा चोरी को लेकर गिरोह सक्रिय नहीं है।

## डकैतों को पकड़ने गई पुलिस टीम के हाथ अब भी खाली

### नहीं मिली सफलता : जिलेवासी दहशत में, खौफ में बीते रहीं राते

नवभारत न्यूज

**पांढुर्णा, 25 फरचवरी, बीते शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक दर्जन से अधिक नकाबपोश डकैतों द्वारा धारदार हथियारों,लोहे की रॉड,पत्थरों से घरों पर हमला कर दहशत का माहौल बनाने के साथ ही चार घरों में घुसकर यहां के लोगों को बंधक बनाकर सोने,चांदी के आभूषण नगद राशि लूटकर फरार होने को चार दिनों का समय बीतने के बाद भी आज तक पुलिस इन डकैतों को पकड़ नहीं पाई है,जिससे लोग अभी भी सहमें हुए है। वहीं पुलिस द्वारा इन सभी डकैतों को जल्दी ही गिरफ्तार करने का दावा कर रहीं है।**

गौरतलब हो बीते 21 फरवरी की रात्रि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाली प्रमुख नागपुर मार्ग से लगी साईं धाम कॉलोनी में लगभग एक दर्जन से अधिक नकाबपोश डकैतों द्वारा चार घरों में घुसकर यहां के लोगों को बंधक बनाते हुए लाखों रूपयों के सोने चांदी के आभूषण तथा नगद राशि लूटकर फरार होने की घटना से पूरे नगर वासियों में दहशत बनी हुई है।

### पुलिस के हाथ नहीं लगे डकैत

वहीं सूत्रों की माने तो पांढुरना की साईं धाम कॉलोनी में घटना को अंजाम देने के बाद यह सभी डकैत चोरी की दोपहिया वाहनों पर ही सवार होकर बैतूल की और भागे है। जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश के निर्देश तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के मार्गदर्शन में इन डकैतों को पकडने बनाई गई टीम के हाथ इन डकैतों के अहम सुराग हाथ लगे है।

### छः माह पहले अशोक के घर हुई चोरी में यह डकैत रहें होंगे शामिल

महाराष्ट्र के अमरावती में 15 दिनों तक रहते हुए इन डकैतों की टोली ने वहां 29 जगहों पर लूटपाट करने के बाद वाह से भाग कर यह डकैत चोरी की दोपहिया वाहनों से पांढुरना आए, संभावना व्यक्त की जा रहीं है कि इन डकैतों की टोली में वह चोर भी शामिल रहे , जिन्होंने छैःमाह पूर्व नगर के इसी साईं धाम कॉलोनी में रहने वाले बालाजी ढाबे के संचालक अशोक ऊर्फ अन्ना उटकुर के घर में 5 अगस्त 2025 को पांच लाख रुपए से अधिक के सोने के आभूषण तथा नगद राशि चोरी कर फरार हुए थे, इन्होंने ही अपने अन्य डकैत साथियों को बताया होगा की इस साईं धाम कॉलोनी के घरों में डकैती करने पर इन्हें यहां से बहुत अधिक सोना नगद राशि मिलेगी, इसी बात को ध्यान में रखते हुए इन डकैतों ने 21 फरवरी के रात इस साईं धाम कॉलोनी में हमला कर लोगों में दहशत फैलाते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम देंते हुए बड़े ही आराम से यहां से फरार भी हो गए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले विनायक नागदवने

नवभारत न्यूज

**परासिया, 25 फरवरी, शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद परासिया में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रहे विनायक नागदवने मंगलवार को परासिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।**



विनायक नागदवने अपने सेवा काल में कृषि अधिकारी के रूप में लंबे समय तक ग्रामीण किसानों से सीधे जुड़े रहे हैं। किसानों की समस्याओं और जरूरतों को उन्होंने नजदीक से समझा है। उनके पार्टी में शामिल होने को कार्यकर्ता सकारात्मक कदम मान रहे हैं और भविष्य में इससे संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। श्री नागदवने ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को भली-भांति समझा है और अब पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने उनका स्वागत किया।

## कुएं में डूब कर बुजुर्ग की मौत



**परासिया।** रावनवाड़ा थाना क्षेत्र के चीफ हाउस क्षेत्र में निवासरत 70 वर्षीय बुजुर्ग की कुएं में डूबने से मौत हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संपतराव सरनकर उम्र 70 वर्ष निवासी रावनवाडा चीफ हाउस शिव मंदिर के समीप दर्जी का काम करता था, हल्का मानसिक रूप से विकृत मृतक का शव घर से कुछ दुरी में स्थित पुराने कुएं में देखा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर, उसका पी एम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में ले लिया है।

## सीपीआर देकर डॉ.खान ने बचाई मासूम बच्ची की जान, समय पर इलाज से लौटी परिवार की खुशियां

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 25 फरवरी, मानवता और चिकित्सा सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जहाँ त्वरित निर्णय और साहसिक प्रयास से एक मासूम बच्ची की जान बचा ली गई। जन्नत क्लीनिक के संचालक एवं यूनाइटेड हेल्थ वर्कर्स के प्रदेश अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) डॉ. सोयल खान ने अपनी सूझबूझ और निस्वार्थ सेवा भावना से एक परिवार को फिर से मुस्कुराने का मौका दिया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक मासूम बच्ची को गंभीर श्वसन अवरोध की स्थिति में उसके परिजन आनन-फानन में जन्नत क्लीनिक लेकर पहुँचे। उस समय बच्ची का ऑक्सीजन स्तर मात्र 65 प्रतिशत रह गया था और उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉ. सोयल खान ने बिना किसी देरी के तत्काल उपचार शुरू किया। डॉ. खान ने पूरे आत्मविश्वास और निस्वार्थ भाव से बच्ची को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। कुछ ही क्षणों बाद बच्ची के रोने की आवाज़ गूँजी, जो जीवन की वापसी का संकेत थी। यह दृश्य वहाँ मौजूद हर व्यक्ति की आँखें नम कर गया।बच्ची के रोते ही परिवार वालों की जान में जान आई और उन्होंने भावुक होकर डॉ. खान को ढेरों दुआएँ और आशीर्वाद दिए। समय पर लिया गया यह निर्णय न केवल एक मासूम की जान बचाने में सफल रहा, बल्कि एक पूरे परिवार की खुशियाँ भी लौट आई।इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सच्चा डॉक्टर वही होता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी मानवता को सर्वोपरि रखता है।

## योगेश भट्टी ने संभाला परासिया नगर पालिका अधिकारी का कार्यभार

नवभारत न्यूज

**परासिया, 25 फरवरी, लंबे समय से विवादों और प्रशासनिक अस्थिरता से जूझ रही परासिया नगर पालिका को आखिरकार पूर्णकालिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिल गया है। इससे पहले चांदामेटा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे परासिया का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।**



नव नियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश भट्टी के नगर आगमन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी नए सीएमओ से बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीद जताई।

गौरतलब है कि परासिया नगर पालिका बीते लंबे समय से परिषद के पदाधिकारियों के बीच चल रहे विवादों को लेकर सुर्खियों में रही है। परिषद के भीतर मतभेदों के चलते अध्यक्ष पर आर्थिक गड़बड़ी सहित कई आरोप लगाए गए, वहीं विपक्ष में बैठी कांग्रेस लगातार सत्ताधारी भाजपा-नीत परिषद पर निशाना साधती रही है।

ऐसे में अब देखना यह होगा कि शासन द्वारा पदस्थ किए गए मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश भट्टी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सामंजस्य स्थापित कर नगर पालिका का संचालन सुचारू रूप से कर पाते हैं या नहीं। नगरवासियों को भी उनसे विकास कार्यों में तेजी, पारदर्शिता और बेहतर व्यवस्थाओं की उम्मीद है।

## यह कैसी हवस, मानसिक रूप से विकृत नबालिक को बनाया गर्भवती

नवभारत न्यूज

**परासिया, 25 फरवरी, क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक मानसिक रूप से विकृत नाबालिग को गर्भवती बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का विषय बन गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है। पीड़ित मोहल्ले में झाड़ू पोछा का काम करती है।परिजनों को जब उसकी तबीयत में बदलाव महसूस हुआ, तब वन स्टाप सेंटर के माध्यम से चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमें गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के कुछ युवकों को राउंडअप किया है, बताया जा रहा है, मामले में कोयलांचल के कुछ संपन्न परिवार के युवको के नाम सामने आ रहे हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

यह घटना समाज में महिलाओं और विशेष रूप से दिव्यांग एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


-:: न्यायालय नजूल अधिकारी छिंदवाड़ा ::-

::- उद्घोषणा -::

राजस्व प्रकरण क्रमांक /अ-6/2025-26
मौजा-छिन्दवाड़ा(शहर नजूल छिन्दवाड़ा)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजेन्द्र बाकलीवाल पिता स्व.श्री मानकचंद बाकलीवाल निवासी साउथ सिविल लाईन जैन मंदिर के सामने गुलाबरा छिन्दवाड़ा तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा द्वारा पंजीयत वसीयतनामा के माध्यम से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110के अंतर्गत प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि मौजा छिन्दवाड़ा स्थित नजूल ब्लाक नंबर47प्लाट नं.1/32रकबा 3000 वर्ग फुट भूमि नजूल अभिलेखों में आवेदक की मां कमलादेवी बाकलीवाल पति मानकचंद बाकलीवाल के नाम से दर्ज है, जो आवेदक की मां के द्वारा पंजीयत बैनामा के माध्यम से दिनांक 27.05. 1977 को क्रय की गई है।आवेदक की मां कमला देवी बाकलीवाल पति मानकचंद बाकलीवाल के द्वारा उक्त नजूल भूमि की पंजीयत वसीयत आवेदक पुत्र के पक्ष में दिनांक 01.05.2019को स्वेच्छा से संपादित की है, जिसका पंजीयन क्रं.एमपी078202019ए3293610है। वसीयतकर्ताक्रमलादेवी पति मानकचंद बाकलीवाल की मृत्यु दिनांक12.06.2025को हो चुकी है।तथा आवेदक के पिता श्री मानकचंद बाकलीवाल पिता लादूलाल बाकलीवाल की मृत्यु दिनांक30.03.2021को हो चुकी है।उक्त वसीयतशुदा नजूल भूमि पर काबिज है।अतःउक्त नजूल भूमि पर वसीयत नामा के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किया जावे,जिस हेतु आवेदनपत्र मय आवश्यक दस्तावेजों के प्रस्तुत किया गया है।प्रश्नाधीन नजूल भूमि,विवरण वर्तमान नजूल संधारण खसरे में निम्नानुसार दर्ज है।

| मौजा | ब्लॉक नंबर | प्लॉट नंबर | क्षेत्रफल | भू-धारक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| छिन्दवाड़ा (शहर नजूल छिंदवाड़ा) | 47 | 1/3 2 | 3000 वर्गफुट | कमलादेवी पति मानकचंद जैन सा.देह |

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या जन सामान्य को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रकरण की नियत पेशी दिनांक 09.03.2026 तक इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के जारी किया गया।
नियत पेशी दिनांकः-09/03/2026
न्यायालयीन पदमुद्राः-
नजूल अधिकारी
छिन्दवाड़ा


समस्या | सड़क पर जगह-जगह डामर उखड़ चुका हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं

## करेर से ग्वारा तक सड़क जर्जर, वाहन चालकों व छात्रों व ग्रामीणो को परेशानी

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 25 फरवरी, मोहखेड क्षेत्र के करेर से ग्वारा तक सड़क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह डामर उखड़ चुका है और बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे वाहन चालकों, छात्रों, किसानों और ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिनटों में तय होने वाला सफर अब घंटों में पूरा करना पड़ रहा है।**



जानकारी के अनुसार यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई थी। निर्माण व मरम्मत के समय ग्रामीणों ने बेहतर गुणवत्ता की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब सड़क की हालत देखकर लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण व मरम्मत के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उचित निगरानी नहीं की गई, जिसका फायदा ठेकेदार ने उठाया। कम डामर और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग कि, जाने के कारण सड़क समय से पहले ही उखड़ गई।बताया कि सड़क निर्माण व मरम्मत के समय ही गुणवत्ता पर सवाल उठे थे, लेकिन उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। आज स्थिति यह है कि पूरी सड़क पर गड्ढों की भरमार है और डामर कई स्थानों से पूरी तरह उखड़ चुका है। बरसात के दौरान ये गड्ढे और खतरनाक हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।इस मार्ग से प्रतिदिन लोग आवागमन करते हैं। स्कूल और कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अस्पताल जाने वाले मरीज, किसान और अन्य ग्रामीण इसी सड़क पर निर्भर हैं। खराब सड़क के कारण कई बार वाहन खराब हो जाते हैं, जिससे चालकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग और भी जोखिम भरा साबित हो रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि साइड पटरियों की मरम्मत, गड्ढों की भराई और जल निकासी जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं होने से सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो रही है। कई स्थानों पर मिट्टी धंस गई है, जिससे बड़े वाहनों का निकलना भी कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। किसी भी आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल ले जाना चुनौती बन जाता है। छात्रों को समय पर स्कूल और कॉलेज पहुंचने में कठिनाई हो रही है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।